तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026



18 बीएसपी प्रबंधन व प्रशासन से जवाब न मिलने पर...

18 ग्राम खुंदनी के सशिमं और संत कबीर ज्ञान मंदिर

## खबर संक्षेप

### जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव

**बालोद।** स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव 15 अगस्त को जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में सुबह 09 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा, ध्वजारोहण, गार्ड ऑफ ऑनर एवं राष्ट्रगान होगा। प्रातः 09:10 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, 09:20 बजे मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन, 09:35 बजे हर्ष फायर, 09:40 बजे गुब्बारा एवं शांति का प्रतीक श्वेत कपोत उड़ान, 09:45 बजे मार्चपास्ट, 09:50 बजे परेड एवं प्लाटून कमाण्डर से परिचय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से भेंट एवं शहीद परिवारों का सम्मान, 10 बजे विद्यालयीन बच्चों का सांस—तिक कार्यक्रम, 10:30 जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों में उत—ष्ट कार्य करने वाले अधिकारी–कर्मचारियों का सम्मान, प्रशस्ति पत्र वितरण किया जाएगा। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों के साथ संपूर्ण जिले वासियों से 15 अगस्त को आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में अनिवार्य रूप से शामिल होकर राष्ट्रीय पर्व के सफल आयोजन में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर की बैठक कल

**गुरूर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर की बैठक 16 अगस्त को सुबह 11 बजे धनकर भवन पेट्रोल पंप के पास गुरूर में आयोजित की गई है। जिसमें बढ़ती महंगाई, बिजली बिल वृद्धि एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में चरणबद्ध तरीके से विरोध प्रदर्शन के तैयारी के संबंध में व्यापक चर्चा की जाएगी एवं नवगठित ब्लॉक आदिवासी कांग्रेस के पदाधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से स्मार्ट मीटर विरोध प्रदर्शन के बालोद जिला प्रभारी पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा उपस्थित रहेंगे।

### हत्या के प्रयास के आरोपी को 10 साल की सजा

**डौंडीलोहारा।** हत्या के प्रयास के मामले में सत्र न्यायालय बालोद ने आरोपी हरीशचंद्र गावरे पिता आनंद सिंह गावरे, उम्र 23 वर्ष, निवासी कोडेकसा, थाना डौंडीलोहारा, जिला बालोद को दोषसिद्ध पाते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर आरोपी को दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। प्रकरण क्रमांक 52/2025 एवं थाना डौंडीलोहारा के अपराध क्रमांक 47/2025 में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत मामला दर्ज किया गया था। धारा 109 हत्या के प्रयास से संबंधित है। इस धारा के तहत ऐसा कृत्य करना, जिसमें आरोपी की मंशा या जानकारी ऐसी हो कि उसके कृत्य से किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती तो वह हत्या का दोषी माना जाता, हत्या के प्रयास की श्रेणी में आता है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 में ऐसे अपराध के लिए 10 वर्ष तक के कारावास एवं अर्थदंड का प्रावधान है तथा चोट पहुंचने की स्थिति में आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है।न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध पाए जाने के बाद 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

# डूडिया से गोरेला मार्ग के मजबूतीकरण के लिए 632.97 लाख रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के नेतृत्व में पूर्व में की गई मांग पर सोमनी, अर्जुंदा, बालोद मुख्य मार्ग के अंतर्गत डूडिया से गोरेला 11.20 किलोमीटर मार्ग के मजबूतीकरण कार्य के लिए 632.97 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस महत्वपूर्ण विकास कार्य की स्वीकृति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुणसाव तथा सांसद भोजराज नाग का आभार व्यक्त किया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि डूडिया से गोरेला मार्ग क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन का महत्वपूर्ण मार्ग है। लंबे समय से मार्ग के मजबूतीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से सड़क की स्थिति में सुधार होगा तथा क्षेत्रवासियों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार क्षेत्र के विकास और आमजन की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मूलभूत अधोसंरचना के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। डूडिया–गोरेला मार्ग के मजबूतीकरण की स्वीकृति भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया आभार

### विकास कार्यों का मिल रही गति

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं सांसद भोजराज नाग, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के नेतृत्व में बालोद जिले में विकास कायोंर् को गति मिल रही है। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए प्रदेश सरकार एवं जनप्रतिनिधियों का पुनः आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र के ग्रामीणों एवं राहगीरों को बड़ी राहत मिलेगी। सड़क मजबूतीकरण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर जिला उपाध्यक्ष पवन सोनबरसा, नरेश यदु, टीनेशवर बघेल, संध्या भारद्वध्वाज, विश्वास गुप्ता, लखन देवांगन, मुकेश साहू, नेमचूमन साहू, मंगतू राम साहू, उदयराम, हेमलाल विश्वकर्मा, सुरेन्द्र देवांगन, सहदेव देवांगन सहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने आभार प्रकट किया हैं।

## आयोजन: विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर बालोद के सी-मार्ट में संगोष्ठी

# विभाजन प्रशासनिक पुनर्निर्धारण नहीं रक्तरंजित आघात था : गजेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

भारत के इतिहास के सबसे पीड़ादायक अध्यायों में से एक 1947 के विभाजन की विभीषिका को स्मरण करते हुए 14 अगस्त को बालोद शहर स्थित सी-मार्ट में 'विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव उपस्थित रहे।

संगोष्ठी के पश्चात शहर में कैंडल मार्च एवं मौन जुलूस निकालकर विभाजन के दौरान जान गंवाने वाले तथा विस्थापन और अमानवीय अत्याचारों का दंश झेलने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि जो राष्ट्र अपने घावों और इतिहास को स्वीकार नहीं करता, वह कभी पूरी तरह स्वस्थ और सौहार्दपूर्ण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि 1947 का विभाजन केवल सीमाओं का प्रशासनिक पुनर्निर्धारण नहीं था, बल्कि यह करोड़ों लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाला रक्तरंजित सभ्यतागत आघात था। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2021 को 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की, ताकि विभाजन के दौरान पीड़ित हुए लोगों के संघर्ष, त्याग और बलिदान को देश स्मरण कर सके। उन्होंने कहा कि यह दिवस किसी राजनीतिक लाभ का कार्यक्रम नहीं, बल्कि उन अनगिनत लोगों के साथ खड़े होने का नैतिक दायित्व है, जिनकी पीड़ा इतिहास के पन्नों में पर्याप्त स्थान नहीं पा सकी।

### शहर में निकाला गया कैंडल मार्च और मौन जुलूस

संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि विभाजन के दौरान अपने परिवार, घर, जमीन और जीवन की सुरक्षा खोने वाले लोगों की स्मृतियों को संरक्षित करना आवश्यक है। विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि इतिहास की त्रसदियों से सीख लेकर देश में सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय एकता और आपसी विश्वास को और मजबूत किया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विभाजन के दौरान दिवंगत हुए लोगों की स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात शहर में कैंडल मार्च एवं मौन जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिक शामिल हुए।

### जिले में स्वतंत्रता दौड़ के जरिए दिया गया टीबी मुक्त भारत का संदेश

**बालोद।** जिला प्रशासन बालोद द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया, स्वतंत्रता दौड़ के माध्यम से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान संदेश को जन-जन तक पहुँचाया गया रैली में देशभक्ति के नारों और उमंग के साथ नशा मुक्ति एवं जल का संरक्षण किए जाने हेतु शपथ दिलाकर स्वतंत्रता दौड़ मैदान से रवाना हुआ। इस स्वतंत्रता दौड़ के दौरान स्वास्थ्य विभाग बालोद द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। टीबी बीमारी के प्रति जन-जागरूकता फैलाने तथा जिले को टीबी मुक्त बनाने के संकल्प को दोहराते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विभिन्न तख्तियों, बैनर और पॉम्पलेट के माध्यम से आमजनों को जागरूक किया। लक्षणों की पहचान, दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, वजन घटना और भूख न लगना टीबी के लक्षण हो सकते हैं। निःशुल्क जांच व इलाजः शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में टीबी की जांच एवं संपूर्ण इलाज पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध है। निक्षय पोषण योजना टीबी मरीजों को इलाज के दौरान सही पोषण के लिए आर्थिक सहायता और निक्षय मित्र योजना के तहत सामाजिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त रूप से अपील की है कि सभी नागरिक टीबी मुक्त भारत के इस राष्ट्रीय अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं और किसी भी लक्षण दिखने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच अवश्य कराएं।

# सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक करने विद्यार्थियों को दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा में दिनांक 14 अगस्त 2026 को बीए, बीकॉम एवं बीएससी, बीसीए प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ 2026-27 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, नियमों, परीक्षा प्रणाली, सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों तथा उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजन कुमार दुबे, चेयरमैन, शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि महाविद्यालयीन जीवन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, ज्ञान एवं भविष्य के निर्माण का महत्वपूर्ण चरण है उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन, सकारात्मक सोच एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया तथा साथ ही सोशल मीडिया से जुड़े गतिविधियों में सावधानी बरतने को कहा। प्राचार्य डॉ के एन मिश्रा ने अपने स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय से संबंधित संक्षिप्त परंतु सारगर्भित जानकारी प्रदान किए। इसके पश्चात डॉ. राजनी राय द्वारा विद्यार्थियों को महाविद्यालय के परिचय, विशेषताओं एवं उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया उन्होंने अपने जीवन में अनुशासन, साहस, निर्भयता को अपनाने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि अपना मत तार्किक रूप से प्रस्तुत करें और सभी तत्वों का सम्मान करें चाहे वह निर्जीव हो अथवा संजीव।

■ शैलदेवी महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित

एनएसएस, खेल व छात्रवृत्ति श्री गोविंद देशमुख ने महाविद्यालय की पुस्तकालय एवं खेल सुविधाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ खेल एवं शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री एवन देशलहरे द्वारा विद्यार्थियों को उपलब्ध छात्रवृत्ति सुविधाओं एवं संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई।

# बालोद एसडीओपी विनय कुमार को मिला राष्ट्रपति वीरता पदक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले में पदस्थ पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बालोद विनय कुमार साहू को स्वतंत्रता दिवस के एक दिवस पूर्व राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विनय कुमार साहू वर्तमान में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बालोद के पद पर जिला बालोद में कार्यरत हैं। उन्हें यह मेडल नारायणपुर जिले में एसपी डीआरजी के रूप में पदस्थ रहने के दौरान नक्सल विरोधी अभियानों में साहस और शौर्य का परिचय देने के लिए दिया गया है। विदित हो कि उन्हें इस वर्ष 2 अलग-अलग नक्सल अभियानों के लिए 2 राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित किया गया है। वे वर्ष 2022 से 2025 के दौरान जिला नारायणपुर में उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी एवं नक्सल अभियान के रूप में पदस्थ थे।



# पीएमश्री सेजेस गुरूर में स्वतंत्रता दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

पीएमश्री सेजेस गुरुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन 15 अगस्त को किया गया है। कार्यक्रम के तहत 7:30 बजे ध्वजारोहण, 8 बजे प्रभातफेरी, 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम मुख्य अतिथि अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति एवं विकास समिति मधुसूदन लाल सोनवानी होंगे। अध्यक्षता उपाध्यक्ष सदस्य शाला प्रबंधन एवं विकास समिति नेमसिंह साहू करेंगे। विशेष अतिथि पार्षद नगर पंचायत गुरुर अनुसुइया ध्रुव, जीतेश्वरी निषाद, चन्द्रलता साहू, सेवा निवृत प्रधान पाठक शिवबालक साहू, सदस्य शाला प्रबंधन समिति एवं विकास समिति गिरधर साहू, अनमोल बग्गा, विधायक प्रतिनिधि वर्षा संजय साहू, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति पूर्व माध्यमिक शाला गुरुर जितेंद्र कुमार निषाद, उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति पूर्व माध्यमिक शाला गुरुर फ़गुराम कटेंद्र, शिक्षाविद् शाला प्रबंधन समिति पूर्व माध्यमिक शाला गुरुर गिरधर ठाकुर, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला गुरुर अरविंद शाहू, उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला गुरुर डिगेश्वरी साहू, शिक्षाविद् शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला गुरुर हेमलाल ध्रुव उपस्थित रहेंगे।

### ध्वजारोहण समारोह में शामिल होकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को दें श्रद्धांजलि

**जामगांव आर।** भारतीय जनता पार्टी की नेत्री जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने आम जनता से अनुरोध किए है कि स्वतंत्रता दिवस 2026 शनिवार को ध्वजारोहण के समय स्कूलों चौक चौराहों संस्थाओं में अपनी सुविधाजनक ढंग से अवश्य शामिल होकर फर्ज निभाए देश को स्वतंत्र कराने में प्राणों की आहुति देने वाले देश भक्त पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता अवश्य प्रगट करे। उन्होंने बताया कि भाजपा ने गत दिनों तिरंगा यात्रा करके आम जन में संदेश पहुंचाने का सक्रिय प्रयास किया है किन्तु ध्वजारोहण समारोह में शामिल होने का निर्णय स्वस्फूर्त स्वयं का होना चाहिए। जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि घरों में दुकानों संस्थानों में खेतों खलिहानों में कुछ देर के लिए काम को विराम देकर ध्वजारोहण में शामिल होकर तो देखे अद्भुत आनंद की अनुभूति होगी और हमें आजादी दिलाने वाले अनगिनत देश भक्तों को सच्ची श्रद्धांजलि स्वमेव अर्पित हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जागे और जगाए अपने साथी पड़ोसी और अन्य साथियों को भी ध्वजारोहण समारोह में ले जाए अपना फर्ज कर्तव्य अवश्य निभाए।

## गलत संगती व्यक्ति को नशे की ओर ले जाती है

# ब्रह्माकुमारीज ने स्कूलों में विद्यार्थियों को दिलाई नशामुक्त जीवन की शपथ

हरिबूमि न्यूज ▸▸| डौण्डीलोहारा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय डौण्डीलोहारा के तत्वावधान में 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के तहत क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों में नशामुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

6 अगस्त से शुरू हुए इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देने के साथ नशामुक्त जीवन जीने की प्रतिज्ञा दिलाई जा रही है। ब्रह्माकुमारीज डौण्डीलोहारा की नशामुक्ति टीम द्वारा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेजेस डौण्डीलोहारा, प्रगति स्कूल, आनंद पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर सहित भंवरमरा, रेंगाडबरी, अरजपुरी, मंगचुवा, कोड़ेकसा, खोलझर, किल्लेकोड़ा, सहगांव सहित अन्य विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों को तंबाकू, पाउच, बीड़ी, सिगरेट एवं शराब सहित अन्य मादक पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने कहा कि कमजोर मन और गलत संगति व्यक्ति को नशे की ओर ले जाती है। बार-बार नशे का सेवन करने से व्यक्ति धीरे-धीरे उसका गुलाम बन जाता है। नशा व्यक्ति नहीं पीता, बल्कि नशा व्यक्ति को पी जाता है। नशे के कारण शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन भी प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक चिंतन और राजयोग के नियमित अभ्यास से मन को स्थिर, शांत एवं शक्तिशाली बनाया जा सकता है। इससे व्यक्ति नशे जैसी बुरी आदतों से सहज रूप से बाहर निकलकर स्वस्थ एवं सुसंस्कारित जीवनशैली अपना सकता है। बीके सीमा दीदी के मार्गदर्शन में चल रहे इस महाअभियान में ब्रह्माकुमारी लता दीदी, भारती बहन, कविता बहन, चंदर सिंह देहारी, टी.आर. रानाडे, दिनेश भाई एवं तुम्मन भाई सेवाएं दे रहे हैं।

संकलनकर्ता - ओमप्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113

संकलनकर्ता - ओमप्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113

संकलनकर्ता - ओमप्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113

Celebrating 80TH
ONE NATION. ONE PRIDE. ONE FUTURE.
HAPPY INDEPENDENCE DAY
15TH AUGUST 2026
SHRI HARI PUBLIC SCHOOL
EMPOWER, ENDURE, EMBRACE
स्वतंत्रता हमारा अधिकार, कर्तव्य और गौरव है।
80 YEARS OF FREEDOM.
COUNTLESS DREAMS. LIMITLESS POSSIBILITIES.
CLASSES OFFERED
NURSERY TO CLASS 12TH
STREAMS IN CLASS 11TH & 12TH
SCIENCE (PCM)
SCIENCE (PCB)
COMMERCE
HUMANITIES
ADMISSIONS OPEN 2026-27
CHILD-CENTRIC LEARNING
EXCELLENCE IN ACADEMICS & SPORTS
WELL-ROUNDED DEVELOPMENT
FUTURE-READY EDUCATION
STRONG VALUES BRIGHTER TOMORROW
7987425044
At Otebnad, Near Khaparwada Durg Balod Highway, Balod (C.G.)
shriharipublicschool
shriharipublicschool
A LEADING CBSE SCHOOL IN BALOD DISTRICT | NURTURING MINDS. BUILDING VALUES. SHAPING THE NATION.

स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएं
सेवा सहकारी समिति ओड़ारसकरी पं.क्र. 2045
एवं समिति का क्षेत्र सिकोला, सलौनी, देवगहन
अनिल सोनी
प्राधिकृत अधिकारी
दुष्यंत कुमार देशमुख
शाखा प्रबंधक अर्जुन्दा
खेमराज सिन्हा
सहायक प्रबंधक
गिरधारी सिन्हा
विक्रेता
सेवंत भूआर्य
कम्प्यूटर ऑपरेटर
पवन ठाकुर
चौकीदार
लोकेन्द्र साहू (दैनिक ऑपरेटर)
डोमेश्वर देवांगन (दैनिक कर्मचारी),
जानकी बाई ठाकुर (भृत्य)

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
सेवा सहकारी समिति मर्यादित खप्परवाड़ा पं.क्र. 2515
धनेश चंद्राकर
प्राधिकृत अधिकारी
चंद्रप्रकाश देशमुख
समिति प्रबंधक
हरिराम देशमुख
सहायक प्रबंधक
भारत मां का मान बढ़ाएं, मिलकर देश को आगे बढ़ाएं।
वीरों के बलिदान को नमन, देश के नाम अपना जीवन।
खिलेश्वर चंद्राकर
लिपिक व कम्प्युटर ऑपरेटर
लालचंद साहू
लिपिक

सेवा सहकारी समिति मर्या. भिलाई,
चीचा, गोरकापार, तिलखैरी पं. क्रं. 213
की ओर से 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
आओ झुक कर सलाम करें उनको, जिनके हिस्से में ये मुकाम आता है,
खुशनसीब होता है वो खून, जो देश के काम आता है।
ओंकार सिन्हा
प्राधिकृत अधिकारी
सेवा सह. समि. भिलाई
सुदामा राम सिवना
समिति प्रबंधक सेवा सह.समिति भिलाई
हुकुमचंद साहू
सहायक प्रबंधक
आशिष देवांगन
कम्प्यूटर ऑपरेटर
डामन साहू
दैनिक कर्मचारी
राजेश सिन्हा
दैनिक कर्मचारी

सेवा सहकारी समिति परसदा, पं.क्र. 290 (डंगनिया)
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संतराम साहू
समिति प्रबंधक परसदा
कुलदीप साहू
प्राधिकृत अधिकारी
चंद्रकिरण साहू (कम्प्यूटर ऑपरेटर)
भारत यादव (सेल्समेन),
जगदेव साहू (कर्मचारी),
नारद साहू (कर्मचारी)

सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुरेदा, पं.क्र. 220
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जय हिन्द
कमलेश पांडे
प्राधिकृत अधिकारी
रोहित कुमार
समिति प्रबंधक
देवानंद देवांगन
कम्प्यूटर ऑपरेटर
रामचंद्र देवांगन
अतिरिक्त कर्मचारी
रोशनलाल साहू
भृत्य-ग्राम गुरेदा, नर्मदा, डंगनिया

सेवा सहकारी समिति राहुद पं.क्र. 209
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
चेतन साहू
प्राधिकृत अधिकारी
देश की मिट्टी से प्यार है, भारत मां पर नाज है।
तिरंगा हमारी शान है, भारत हमारी पहचान है।
कुन्दन साहू
सहायक प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति गोरकापार पं.क्र. 141
की ओर से
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आजादी का पर्व मनाएं,
देशप्रेम की अलख जगाएं।
दिल में देशभक्ति,
हाथों में तिरंगा।
तुलेश्वर चंद्राकर
प्राधिकृत अधिकारी
नितिन कुमार गौतम
समिति प्रबंधक
बी.आर. चंद्राकर
सहा.समिति प्रबंधक
लक्ष्मीनारायण चंद्राकर
मिथलेश चंद्राकर
तोरण लाल चंद्राकर
योगेन्द्र कुमार तारम

ग्राम पंचायत डौकीडीह
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
लक्ष्मी ठाकुर
सरपंच - ग्राम पंचायत डौकीडीह
नकुल सोनकर
सचिव - ग्राम पंचायत डौकीडीह
खिलावन निषाद
उपसरपंच - ग्राम पंचायत डौकीडीह
सोनम चन्द्राकर पंच
डालाराम चन्द्राकर पंच
कुलेश्वरी साहू पंच
आशा साहू पंच
प्रभा निषाद पंच
चम्पा निषाद पंच
हिरमोतिन सेन पंच
नंदकुमार निषाद पंच
गणेश राम साहू पंच

15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री गणपति ट्रेडर्स
ग्राम खप्परवाड़ा, तह. गुण्डरदेही जिला-बालोद छ.ग.
छड़, सीमेंट, रेत गिट्टी, ईट, मुरुम के विक्रेता एवं सप्लायर
गर्व से कहो हम भारतीय है, भारत की मिट्टी हमारी शान है।
हमारी आन है, भारत देश हमारी जान है।

संकलनकर्ता- पावन देवांगन, हरिभूमि संवाददाता, डौंडीलोहारा, मो.- 9893341097

## आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, गुजरा-डौण्डी जिला बालोद पं.क्र. 240 की ओर से

संस्था के समस्त किसानों सहित अंचलवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

खेतों में हरियाली हो, जीवन में खुशहाली हो, अन्नदाता की मेहनत को सलाम!

15 AUGUST

हितेश साहू – प्राधिकृत अध्यक्ष

मनहरण पिस्दा – सहायक प्रबंधक

उमेश बरसेल – लिपिक

यादराम मलगाम – सहायक ऑपरेटर

सुरेन्द्र मलेन्द्र – कर्मचारी

गोविन्द यादव – प्रभारी समिति प्रबंधक

विनीत- आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, गुजरा

## ग्राम पंचायत चिपरा की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

यशराम राणा – सरपंच

रूपसाय मंडावी – सचिव

गिरधारी राम – उपसरपंच

श्रीमती तोरण बाई, श्रीमती गैंदाबाई अलेन्द्र, श्रीमती कोमलेश्वरी बाई, श्रीमती हेमिन बाई, जोहन राम, श्रीमती कमला बाई साहू, श्रीमती शारदा बारलागडे, नेतराम गुनेन्द्र

पुनाराम रावटे, प्रदीप कुमार अलेन्द्र, श्रीमती नीतू बाई पटेल, श्रीमती कुमारी बाई, श्रीमती शकुन्तला चावरे, बंशीलाल रावटे, सदाराम राणा

आँखों में देश के सपने हैं, दिल में कुछ कर गुजरने की आग है,
हम भारत के युवा हैं, हमारा हर संकल्प ही देश का भाग्य है।

## ग्राम पंचायत भर्रीटोला 43 वि.ख. डौण्डी की ओर से अंचलवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

हौसला सरहद की दीवारों को भी हिला सकता है, भारत का युवा चाहे तो मिट्टी को भी सोना बना सकता है।

वृक्ष हमारी शान है, यही हमारे जीवन की जान है। पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ, इस दुनिया को सुंदर बनाओ। कुदरत करे यही गुहार, पेड़ों को न काटो बार-बार। वृक्षारोपण का प्रचार करो, अपनी प्रकृति से प्यार करो। तभी चैन से सांस ले पाओगे, जब पेड़ों को कटने से बचाओगे।

पंचगण- प्रदीप कुमार गुनेन्द्र, श्रीमती सिरमोतीन माहला, सहदेव राज, चतुरराम गुनेन्द्र, श्रीमती गोदावरी बढ़ई, श्रीमती गुंजेश्वरी गुनेन्द्र, श्रीमती मीराबाई मसिकरे, श्रीमती मोनिका खरे, श्रीमती ईश्वरी बाई कोटपरिया, श्रीमती लक्ष्मीबाई रावटे, श्रीमती हुमेश्वरी किरेन्द्र (रोजगार सहायक)

श्रीमती राजकुमारी देहारी – सरपंच ग्रा.पं. भर्रीटोला

किसुनलाल पटेल – सचिव ग्रा.पं. भर्रीटोला

नुतन कुमार कोठारी – उपसरपंच ग्रा.पं. भर्रीटोला

विनीत- ग्राम पंचायत भर्रीटोला 43 वि.ख. डौण्डी

## हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता

स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग

80 वाँ 15th अगस्त 2026

# स्वतंत्रता दिवस

की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

श्री मुकेश कौड़ो – अध्यक्ष - ज.पं. डौण्डी

श्री भोला राम नेताम – उपाध्यक्ष - ज.पं. डौण्डी

डी.डी. मंडले (मु.का.अ.)

श्रीमति रत्ना हिरवानी – सदस्य-ज.पं. डौण्डी

श्रीमति ईश्वरी बाई देशलहरे – सदस्य-ज.पं. डौण्डी

श्रीमती संजय मंजू बैस – सदस्य-ज.पं. डौण्डी

श्रीमती बिसंतीन प्रकाश आर्य – सदस्य-ज.पं. डौण्डी

श्रीमती प्रीति बाई उर्वशा – सदस्य-ज.पं. डौण्डी

श्रीमति झमित बाई – सदस्य-ज.पं. डौण्डी

श्रीमति आशा आर्य – सदस्य-ज.पं. डौण्डी

सुश्री साधना सोरी – सदस्य-ज.पं. डौण्डी

श्री शिवप्रसाद बारला – सदस्य-ज.पं. डौण्डी

श्री तुलेश्वर कुमार हिचामी – सदस्य-ज.पं. डौण्डी

श्री शिवगिरी चुरेन्द्र – सदस्य-ज.पं. डौण्डी

श्री पुनित राम सेन – सदस्य-ज.पं. डौण्डी

श्री कुलदीप राम साहू – सदस्य-ज.पं. डौण्डी

## जनपद पंचायत : डौंडी, जिला -बालोद (छ.ग.)


संकलनकर्ता - ओमप्रकाश जैन, हरिभूमि संवाददाता डौण्डी मो. 9827804111 एवं अनिल सुथार, हरिभूमि संवाददाता कुसुमकसा मो. 9755034021

संकलनकर्ता - ओमप्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113

संकलनकर्ता - ओमप्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113

**खबर संक्षेप**

## ग्राम पंचायत हथौद में पंच, उपसरपंच को वीबीजीरामजी का दिया गया प्रशिक्षण

**बालोद/देवरी।** ग्राम पंचायत हथौद में पंच, उपसरपंच को वीबीजीरामजी का प्रशिक्षण दिया गया। फरद्फोड़ क्लस्टर के अतर्गत आने वाले सभी 9 ग्राम पंचायत का 13 अगस्त को ग्राम पंचायत हथौद में सरपंच पुष्पलता बघेल के अध्यक्षता में टीए मनिश्वर साहू द्वारा सरकार के महत्वपूर्ण योजना वीबीजीराम जी के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम पंचायत परसाडिह, पसौद, रानीतरई, परसुली, किसना, भंडेरा, फरदफोड़ के पंच, उपसरपंच, मेट शामिल हुए।

## नपं गुरूर में प्रदीप करेंगे ध्वजारोहण

**गुरूर।** नगर पंचायत गुरुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन 15 अगस्त को प्रातः 7:30 बजे नगर पंचायत गुरुर में किया गया है। नगर पंचायत गुरुर अध्यक्ष प्रदीप साहू द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा, तत्पश्चात 9 बजे स्वर्ण जयंती स्मारक बाजार चौक गुरुर में पुष्पादेवी खत्री द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इस बीच मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत गुरुर, अध्यक्ष नगर पंचायत गुरुर एवं समस्त परिषदगण उपस्थित रहेंगे।

**बैठक : श्रमिकों की लंबित मांगों और समस्याओं को लेकर जन मुक्ति मोर्चा उग्र**

# बीएसपी प्रबंधन व प्रशासन से जवाब न मिलने पर भड़का जन मुक्ति मोर्चा, नाकेबंदी की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

आईओसी राजहरा में कार्यरत श्रमिकों की विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा 22 जुलाई को दल्ली माइंस गेट क्रमांक-1 के समीप किए गए आंदोलन के बाद भी स्थानीय प्रशासन और बीएसपी प्रबंधन की ओर से अब तक कोई ठोस जवाब नहीं मिलने से संगठन में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर 13 अगस्त को जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ के कृषि कार्यालय में बैठक आयोजित कर पूर्व आंदोलन की समीक्षा की गई तथा आगामी आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।

जन मुक्ति मोर्चा के अनुसार, 21 जुलाई को संगठन द्वारा बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक को श्रमिकों की विभिन्न मांगों और शिकायतों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बाद 22 जुलाई को दल्ली माइंस गेट क्रमांक-1 के पास आंदोलन किया गया था। आंदोलन के दौरान स्थानीय प्रशासन से मोबाइल पर बातचीत हुई थी तथा तहसीलदार के माध्यम से लिखित आश्वासन दिया गया था कि ज्ञापन में उठाए गए मामलों की जांच और विचार के लिए 20 दिनों का समय लिया गया है। जांच में दोषी पाए जाने वाले बीएसपी अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई किए जाने की बात भी कही गई थी। संगठन का कहना है कि निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी स्थानीय प्रशासन और बीएसपी प्रबंधन की ओर से मांगों तथा जांच के संबंध में कोई ठोस जानकारी या लिखित जवाब नहीं दिया गया है। इससे श्रमिकों और संगठन के पदाधिकारियों में असंतोष गहराता जा रहा है। बैठक में इस पूरे घटनाक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी आंदोलन को और अधिक प्रभावी बनाने पर सहमति बनी।

**उत्पादन ठप करने और आर्थिक नाकेबंदी की तैयारी :** बैठक में वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि श्रमिकों की मांगों और पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाएगा। बैठक में दल्ली राजहरा में बीएसपी के उत्पादन को प्रभावित करने के साथ आर्थिक नाकेबंदी की तैयारी पर भी चर्चा की गई। आंदोलन को व्यापक और प्रभावी बनाने के लिए संगठन के विभिन्न प्रभारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। जन मुक्ति मोर्चा ने कहा कि श्रमिकों से जुड़े मुद्दों को लंबे समय तक लंबित रखना स्वीकार नहीं किया जाएगा। संगठन ने प्रशासन और बीएसपी प्रबंधन से पूर्व में दिए गए आश्वासन के अनुरूप जांच पूरी कर दोषियों पर कार्रवाई करने तथा श्रमिकों की मांगों पर स्पष्ट जवाब देने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई कि मांगों की अनदेखी जारी रही तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से और तेज किया जाएगा। बैठक में जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ के जीत गुहा नियोगी, मूलचंद चंदेल, रूपा साहू, ईश्वर भूआर्य, चंद्रशेखर यादव, सरकार दादा, नरेश नायक, दयालू भंडारी, शत्रुघ्न साहू, रोहित, ललित विश्वकर्मा, महेंद्र कुमार गंजिर, तरुण उर्वशा, देवराज यादव, पुसाऊ राम साहू, खिलावन कुंजाम, महाजन तारम, घनश्याम, भोमराज,

# खोलझर विद्यालय में निकाली गई तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

ग्राम पंचायत खोलझर के हाईस्कूल व माध्यमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।

हाथों में तिरंगा लेकर निकले विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने देशभक्ति के गगनभेदी नारों से पूरे गांव का वातावरण राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत कर दिया। तिरंगा यात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर ग्राम की प्रमुख गलियों से होते हुए निकली। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् तथा देशभक्ति के जयघोष से गांव की गलियां गूंज उठीं। बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। तिरंगे के प्रति सम्मान और देश के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को राष्ट्रहित में एकजुट रहने तथा देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। यात्रा के दौरान प्राचार्य अर्जुन देवांगन, सरपंच यानेश्वरी विश्वकर्मा, भाजपा कार्यकर्ता संतोष साहू, टीम खड़हा सहित समस्त स्कूल स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों में देशभक्ति की भावना को और अधिक प्रबल करना तथा स्वतंत्रता दिवस के महत्व से जन-जन को अवगत कराना रहा। तिरंगा यात्रा ने पूरे ग्राम में राष्ट्रीय एकता, भाईचारे और देशप्रेम का संदेश दिया।

## बालोद जिला पंचायत में समीक्षा बैठक, टीबी मुक्त भारत अभियान पर दिए दिशा-निर्देश

**बालोद।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत कर्मचारियों का समीक्षा बैठक कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। बैठक मे सीईओ एटदरेट आईसी हेल्थ सुनील चन्द्रवंशी द्वारा स्वास्थ्य विभाग की कार्यक्रम राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत प्रधानमंत्री के द्वारा चलाये जा रहे टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में अभियान में स्क्रीनिंग किए गए टीबी के संदेहास्पद लोगों की जांच, स्पुटम सैंपल की गुणवत्ता तथा समय पर रिपोटिंर्ग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद डॉ. जेएल.उइके, डॉ. खंड चिकित्सा अधिकारी बालोद जितेंद्र सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, डब्लूएचओ सलाहकार डॉ. मनीष मसीह, जिला कार्यक्रम समन्वयक मिथलेश देशमुख, जिला पीएमडीटी समन्वयक सत्येन्द्र साहू, जिला पीपीएम समन्वयक सायरा परवीन, सेक्रेट्रियल असिस्टेंट पिनेश्वर साहू, समस्त एसटीएलएस, एसटीएस, नाट साइट के समस्त मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, टीबी मितान एवं स्पूटम रनर उपस्थित थे।

## ग्राम खुंदनी के सशिमं और संत कबीर ज्ञान मंदिर ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम खुंदनी सरस्वती शिशु मंदिर और संत कबीर ज्ञान मंदिर में तिरंगा यात्र निकाली गई। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरस्वती शिशु मंदिर एवं संत कबीर ज्ञान मंदिर खुंदनी और ग्रामीणजनों द्वारा विशाल तिरंगा यात्र का आयोजन किया गया।

यात्र सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिसर से सुबह 11 बजे शुरू हुई। हाथों में तिरंगा, माथे पर केसरिया पट्टी और भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों के साथ सैकड़ों छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अभिभावक नागरिक शामिल हुए। पूरा मार्ग तिरंगे की छटा और देशभक्ति गीतों से गुंजायमान रहा। तिरंगा यात्रा सरस्वती शिशु मंदिर खुंदनी से प्रारंभ होकर पुरानी बस्ती से होते हुए गांव के बाजार चौक, स्कूल पारा, गौरा चौक, दीवान गली पहुंचा। वहां ग्राम सरपंच विशाल सिंह दीवान, जयंत कुमार अग्रवाल के परिवार सम्मिलित हुए। जहां से दुर्गा चौक से बांध पारा पहुंचे, यात्रा में क्षेत्र के अजेन्द्र कुमार साहू सम्मिलित हुए। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों ने यात्रियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य उर्मिला नेताम ने कहा कि ऐसी यात्राएं नई पीढ़ी में देशप्रेम और अनुशासन की भावना जगाती हैं।

उन्होंने कहा तिरंगा सिर्फ कपड़े का टुकड़ा नहीं, यह हमारे शहीदों के बलिदान और करोड़ों भारतीयों के सपनों का प्रतीक है। बच्चों को शुरू से ही राष्ट्र के प्रति समर्पण सिखाना हमारा दायित्व है। शिक्षकों ने भी छात्रों को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और संविधान में निहित मूल्यों के बारे में बताया। उन्होने कहा की हर वर्ष इसी उत्साह के साथ इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि बच्चों में राष्ट्रीयता की भावना लगातार बनी रहे। तिरंगा यात्र के साथ विद्यालय परिवार के टकेश्वरी साहू का जन्मदिन होने के कारण सभी को मिठाई वितरण किया गया।


**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


**कार्यालय ग्राम पंचायत - संबलपुर (लो.) जनपद पंचायत - डौंडीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक /164/ ग्रा.पंचा./ नीलामी/2026-27 संबलपुर (लो.), दिनांक 08/08/2026

**बाजार/पशु पंजीयन नीलामी सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सम्बलपुर (लो.) क्षेत्रान्तर्गत संचालित सप्ताहिक बाजार (रविवार) एवं पशु पंजीयन शुल्क की नीलामी वित्तीय वर्ष 2026-27 (01/08/2026 से 31/03/2027) तक हेतु किया जाना है। जिसके लिए निम्नांकित नियम / शर्तें अनुरूप नीलामी की जावेगी -

नीलामी दिनांक :- 24/08/2026 दिन सोमवार समय 11 बजे से
स्थान :- ग्राम पंचायत भवन सम्बलपुर (लो.)
नियम/शर्तें:- कार्यालय में चस्पा कर दिया गया है।

सचिव
ग्राम पंचायत संबलपुर (लो.)

श्रीमती रेणु गायकवाड
सरपंच
ग्राम पंचायत संबलपुर (लो.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130